Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 121 ◻ रायपुर, सोमवार 25 मई 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

10 दिन में ऐसे बढ़े दाम

- 15 मई: कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी
- 19 मई: पेट्रोल और डीजल के दाम में 90 पैसे की बढ़ोतरी
- 23 मई: पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल की कीमतों में 91 पैसे प्रति लीटर का इजाफा
- आज 25 मई को पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रेट बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 25 मई (न्यूज चैनल)। देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। सोमवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है, जब ईंधन की कीमतें बढ़ाई गई हैं। लगातार बढ़ते दामों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 87 से 91 पैसे तक की बढ़ोतरी हुई थी।

विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, कमजोर होता रुपया और आयात लागत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसके अलावा रिफाइनिंग मार्जिन में बदलाव का असर भी ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है। लंबे समय तक कीमतें स्थिर रखने के बाद अब सरकारी तेल कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। यही वजह है कि 10 दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल करीब 5 रुपये प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं।

नई दरों के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। यहां 2.61 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया, जहां 2.87 रुपये की बढ़ोतरी हुई। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 111.21 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 107.77 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। ईंधन की बढ़ती कीमतों ने खासकर मध्यम वर्ग और रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

डीजल की कीमतों में भी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली में डीजल अब 95.20 रुपये प्रति लीटर बिकेगा, जहां 2.71 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कोलकाता में डीजल की कीमत 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। डीजल महंगा होने का असर ट्रांसपोर्ट और माल ढुलाई पर ज्यादा पड़ता है। यही वजह है कि बाजार में सामानों की कीमतें बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

राहुल गांधी बोले - महंगाई के सरगना मोदी ने फिर दिखाया खेल

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर 10 दिनों में चौथी बार ईंधन की कीमतें बढ़ाकर नागरिकों की जेब लूटने का आरोप लगाया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई का सरगना बताया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान कीमतें नियंत्रित रखी गईं, लेकिन अब चुनाव खत्म होते ही चुपचाप किस्तों में बढ़ोतरी की जा रही है, जो जनता के लिए बड़ा आर्थिक बोझ है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार की दस दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि सरकार चुपचाप नागरिकों की जेबें लूट रही है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान पेट्रोल की कीमतें नियंत्रण में रखी गईं, लेकिन अब किस्तों में बढ़ोतरी की जा रही है और यह बढ़ोतरी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई बढ़ाने वाला मोदी बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने पहले ही आने वाले आर्थिक तूफान की चेतावनी दी थी, लेकिन आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री उस समय चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

खड़ी ट्रैक्टर में जा घुसी बाइक, 4 दोस्तों की मौत

बलरामपुर, 25 मई (हाईवे चैनल)। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सनावल थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई. चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर साप्ताहिक बाजार डिंडा से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान तभी पीपरपान मोड़ के पास एटा लोड ट्रैक्टर से जा टकराई. घटनास्थल पर दो युवकों ने दम तोड़ दिया. वहीं दो युवकों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बाइक की रफ्तार काफी तेज थी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया. वही मृतकों के परिजन ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर चालक गलत तरीके से ट्रैक्टर को पार्क किया था. किसी भी प्रकार का कोई रिफ्लेक्टर खड़ी ट्रैक्टर में नहीं लगाया गया था. जिसके कारण बाइक सवार युवकों को कड़ी ट्रैक्टर दिखाई नहीं दी और युवक ट्रैक्टर से जा टकराये। हादसे की सूचना मिलते ही सनावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है. एक साथ चार युवकों की मौत की खबर से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और घटनास्थल पर जुट गए, पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

हिमाचल प्रदेशः मनाली में 'महाजाम', घंटों रेंगते नजर आए वाहन; लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

नई दिल्ली, 25 मई (न्यूज चैनल)। मनाली में पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचते ही रविवार को भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। सुबह से ही चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मनाली शहर, अटल टनल मार्ग, माल रोड, वशिष्ठ, सोलंगनाला और पलचान क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे रहे कि कई स्थानों पर वाहन घंटों तक रेंगते नजर आए और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि वीकेंड और छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक मनाली पहुंचे हैं। हजारों वाहनों के एक साथ पहुंचने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह दबाव में आ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सड़क और पार्किंग व्यवस्था उसी अनुपात में विकसित नहीं हो पाई है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, आज फिर पेट्रोल के दाम चौथी बार बढ़ा दिए गए।

चुहिया- हां जी, जैसी जैसी मिसाइलें चलेगी वैसे वैसे ही पेट्रोल में आग लगेगी।

यूएसटीआर में 15 वर्षों में लगभग 1 लाख वृक्षों की कटाई कर अतिक्रमण मामले में 36 आरोपी सरेंडर करने पहुंचे कोर्ट

बरबांध, आमली एवं घुरावड ग्राम टाइगर रिजर्व के समर्थन में आए, सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर की गई जैतपुरी अतिक्रमणकारियों की निंदा

धमतरी 25 मई (हाईवे चैनल)। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत जैतपुरी क्षेत्र में विगत लगभग 15 वर्षों से बड़े पैमाने पर किए गए अवैध अतिक्रमण एवं वृक्ष कटाई प्रकरण में कार्रवाई तेज कर दी गई है। मामले के प्रथम चरण में 36 आरोपियों के बयान दर्ज किए गए हैं तथा सभी आरोपियों द्वारा समाचार लिखे जाने तक आज न्यायालय के समक्ष सरेंडर करने पहुंचे थे।

उल्लेखनीय है कि इन आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पूर्व में ही जिला न्यायालय द्वारा निरस्त की जा चुकी है। जांच के दौरान आरोपियों द्वारा बड़े पैमाने पर वन भूमि पर कब्जा एवं वृक्षों की अवैध कटाई किए जाने की बात स्वीकार की गई। यह अवैध गतिविधियां लंबे समय से चल रही थीं, जिसके कारण आसपास के ग्रामीणों के पारंपरिक निस्तार, वन संसाधनों एवं पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ा। इसी बीच टाइगर रिजर्व संरक्षण के समर्थन में बरबांध, आमली एवं घुरावड ग्रामों के ग्रामीण खुलकर सामने आए हैं। ग्राम सभाओं में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जैतपुरी क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों की निंदा की गई तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के समर्थन में संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि अवैध अतिक्रमण एवं वृक्ष कटाई के कारण उनके निस्तार अधिकार, जल स्रोत एवं वन आधारित आजीविका प्रभावित हुई है। बयान दर्ज करने के दौरान वन विभाग द्वारा आरोपियों को वह वीडियो फुटेज भी दिखाए गए जिनमें वन अमले पर हमला करते हुए आरोपी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं जिनके बारे में पूछताछ की गयी। *वीडियो में कुछ ग्रामीण वन कर्मियों को चप्पल से मारते, महिला वनकर्मियों के बाल खींचते तथा धक्का देकर सड़क पर गिराते हुए नजर आए।

अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि के पुनर्वास एवं संरक्षण हेतु तैयार की गई है व्यापक कार्ययोजना : वन विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि के पुनर्वास एवं संरक्षण हेतु व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। आगामी चरण में लगभग 50,000 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जाएगा जिससे मृदा एवं जल संरक्षण सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त अगले माह से फेंसिंग कार्य प्रारंभ किया जाएगा तथा पूरे क्षेत्र की निगरानी अत्याधुनिक एआई आधारित टावर कैमरों के माध्यम से की जाएगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण एवं वृक्ष कटाई पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

दंतैल हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत, वन विभाग ने जारी किया हाईअलर्ट

बलौदाबाजार, 25 मई (हाईवे चैनल)। बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में एक दंतैल हाथी के हमले की घटना में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई। मृतक के परिजनों को वन विभाग द्वारा तात्कालिक सहायता राशि 25,000 रुपए प्रदान की गई है तथा शासन के नियमानुसार आगे की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 की रात्रि लगभग 8:30 से 9:00 बजे के बीच बारनवापारा अभयारण्य अंतर्गत ग्राम दोंद में ग्राम के ही जहरु राम नेताम (उम्र लगभग 55 वर्ष) की एक दंतैल हाथी के हमले की हमले में मृत्यु हो गई। दंतैल हाथी पिछले कुछ दिनों से मुख्यडीह क्षेत्र के आसपास लगातार विचरण कर रहा था तथा खेत-खलिहानों की ओर उसकी आवाजाही देखी जा रही थी। रविवार को हाथी ग्राम दोंद क्षेत्र की ओर पहुंचा, जिसके बाद वन विभाग की टीम, हाथी मित्र दल एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सतर्कता एवं समन्वय के साथ प्रयास करते हुए हाथी को आबादी वाले क्षेत्र से ट्रैक किया गया जिसके पश्चात् वह जंगल की ओर चला गया। घटना के बाद हाथी खलिहानों के रास्ते पहाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ गया, जिसकी वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

हाथी की संभावित आवाजाही को देखते हुए वन विभाग द्वारा ग्राम मुड़पार, दोंद, सुखाय, पांडादह, गुड़घाड़, भिभौरी, बफरा, बार, हरदी सहित आसपास के सीमावर्ती गांवों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग एवं हाथी मित्र दल द्वारा ग्रामीणों को सतत निगरानी, मुनादी एवं अलर्ट सिस्टम के माध्यम से हाथी की गतिविधियों की जानकारी लगातार दी जा रही है। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि वन विभाग एवं हाथी मित्र दल द्वारा हाथियों की गतिविधियों की जानकारी मुनादी एवं अलर्ट सिस्टम के माध्यम से लगातार ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है।

नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की मुलाकात

नई दिल्ली/रायपुर, 25 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

छग हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: गर्भपात के बाद दोबारा प्रेग्नेंसी पर भी मिलेगा पूरा अवकाश, एफसीआई रायपुर की महिला कर्मचारी को बड़ी राहत

बिलासपुर, 25 मई (हाईवे चैनल)। कामकाजी महिलाओं के मातृत्व अधिकारों को लेकर हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि किसी महिला कर्मचारी का गर्भपात हो जाता है, और वह उसके बाद दोबारा गर्भवती होती है, तो पिछला अवकाश उसके नए मातृत्व अवकाश के रास्ते में बाधा नहीं बनेगा. महिला अपने दूसरे गर्भधारण के लिए कानूनन पूरी मातृत्व छुट्टी पाने की हकदार है. इसके साथ ही हाई कोर्ट ने महिला के वेतन से काटे गए 80,254 रुपए की रिकवरी को रद्द कर दिया है. मामले में जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया।

बता दें, कि भारतीय खाद्य निगम रायपुर में असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ महिला कर्मचारी वर्ष 2019 में गर्भवती हुई थीं. उनके जुड़वां बच्चे होने थे, लेकिन गंभीर चिकित्सीय जटिलताओं के चलते 25 अप्रैल 2019 को अस्पताल में उनका एक भ्रूण मिसकैरेज हो गया. डॉक्टरों की निगरानी और बेड रेस्ट के बाद उन्होंने 3 सितंबर 2019 को एक प्री-मैच्योर बेटी को जन्म दिया. इसके बाद उन्होंने मातृत्व अवकाश और नियमों के अनुसार मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए आवेदन किया. विभाग ने उन्हें केवल 68 दिनों का असाधारण अवकाश बिना वेतन के मंजूर किया, और लीव बैलेंस नहीं होने का हवाला देकर उनके वेतन से 80,254 रुपए की कटौती भी कर ली गई. इस पर महिला ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई।

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता मातृत्व अवकाश और गर्भपात के नियमों के तहत कुल 90 दिनों की छुट्टी की हकदार है, जिसे विभाग कम नहीं कर सकता. कोर्ट ने लीव बैलेंस न होने के नाम पर महिला के वेतन से काटे गए 80,254 रुपए की रिकवरी को निरस्त कर दिया और रकम वापस करने के आदेश दिए. इसके अलावा महिला कर्मचारी के बाकी बचे 3 लाख 76 हजार 773 रुपए के मेडिकल बिलों के भुगतान पर निर्देश दिया है कि वे सभी दस्तावेजों को दोबारा से जांच कर तय उचित आदेश जारी करें. हाई कोर्ट ने मैटरनिटी बेनीफिट एक्ट, 1961 का हवाला देते हुए कहा कि मातृत्व अवकाश का अधिकार एक महिला का वैधानिक और संवैधानिक अधिकार है, यह उसके सम्मान, स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ा है।

नीट पेपर लीक : 'दुर्भाग्यपूर्ण' अब तक सबक नहीं लिया, एनटीए पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 25 मई (न्यूज चैनल)। नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को लेकर सख्त टिप्पणी की है. कोर्ट ने पेपर लीक की वजह से नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर दुख जताया और कहा कि एनटीए ने अतीत से सबक नहीं लिया।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी. कोर्ट ने डॉक्टर्स और मेडिकल स्टूडेंट्स की तरफ से दाखिल उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिनमें एनटीए को रिप्लेस किए जाने की मांग की गई है. कोर्ट ने यह भी पूछा है कि 2024 के उसके आदेश के बाद बनाई गई उच्च स्तरीय कमेटी की ओर से दिए गए सुझावों पर अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, जिससे नीट सिस्टम को मजबूत किया जा सके. कोर्ट में वकील ने कहा कि यह 23 लाख छात्रों का मामला है. वकील ने कहा कि 21 जून को दोबारा परीक्षा होने वाली है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम इसमें एकदम से कुछ नहीं कर सकते. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एनटीए ने अतीत से सबक नहीं लिया. यह मामला पहले भी इस अदालत में आया था. एक समिति, एक निगरानी समिति गठित की गई थी जिसने कुछ सिफारिशें की थीं और उन्हें स्वीकार कर लिया गया था. हम चाहते हैं कि एनटीए समिति की ओर से सुझाई गई सिफारिशों के अनुपालन के लिए उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दाखिल करे।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने वकील तन्वी दुबे के माध्यम से याचिका दायर की